

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

**सुविचार -**
सार्थक कार्य वही है, जिसमें आत्म संतुष्टि हो और किसी भी दूसरे का हित कदापि प्रभावित ना हो


| बुधवार, 3 सितंबर, 2025<br>भाद्रपद शुक्ल एकादशी | वर्ष - 07 | अंक 23 | UAN NO<br>RJ21D0011677 | reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in |
|---|---|---|---|---|---|




## देर शाम हुआ गणपति का विसर्जन

### विवेकानंद चौक से गौशाला रोड तक निकाली विसर्जन यात्रा


संजय दाधीच/ आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। चिड़ावा शहर के विवेकानंद चौक में पिछले सात दिन से चल रहे विवेकानंद चौक के राजा के महोत्सव का विधिवत समापन मंगलवार शाम मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ। गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तूं जल्दी आना...देवा हो देवा गणपति देवा...जय गणेश काटो कलेश...जैसे जयकारों और नारों के मध्य श्रद्धालुओं ने गणपति को भावपूर्ण विदाई दी। इस दौरान पांडाल में सात दिन तक सेवा देने वाले श्रद्धालु भावुक भी हो उठे। वहीं विसर्जन से पूर्व विवेकानंद चौक में हवन किया गया। हवन के बाद महा आरती हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिसके बाद शोभायात्रा विवेकानंद चौक, तिरंगा स्थल, पुरानी तहसील रोड, कबूतरखाना बस स्टैंड, पिलानी रोड, कोर्ट रोड से मुख्य बाजार, गौशाला रोड होते हुए गौशाला के पास स्थित कुएं पर पहुंची। यहां पर आखिरी आरती की गई। जिसके बाद कुएं के कुंड में विधिवत विसर्जन किया गया। वहीं पूरे रास्ते में डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए गणपति की भक्ति के रंग में रंगे हुए नजर आए। इस दौरान महेश शर्मा धन्ना, रोहिताश्व महला, संदीप फतेहपुरिया, रमेश मराठा, राजू मराठा, रमेश स्वामी, दिनेश मराठा, पवन, मकरंद, सागर, सुभाष पंवार, सुभाष धाबाई, अविनाश सेन, अक्षित शर्मा, अनिल टेलर सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।




कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। वीर तेजाजी के बलिदान दिवस पर सर्व समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहर की हृदयस्थली विवेकानंद चौक पहुंचकर विसर्जित हुई। (विस्तृत खबर पेज 2 पर)

**खास खबर**

## एकादशी पर होगा खाटू श्यामजी विशेष श्रृंगार



रिपोर्ट टाइम्स. खाटूश्यामजी। बुधवार को परिवर्तिनी एकादशी के पावन अवसर पर खाटूश्यामजी मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ने की संभावना के चलते मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इसके तहत श्री श्याम मंदिर कमेटी ने वीआईपी दर्शन व्यवस्था को बंद करने का निर्णय लिया है। इस एकादशी को खाटूश्यामजी का विशेष फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मान्यता है कि परिवर्तिनी एकादशी के दिन बाबा श्याम के दरबार में दर्शन करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और हरियाणा समेत देश-विदेश से आने वाले हजारों श्रद्धालु इस मौके पर श्याम बाबा के दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन बाबा का श्रृंगार खास तौर पर देसी विदेशी फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने वीआईपी दर्शन व्यवस्था बंद रखने का निर्णय लिया है।



## नवलगढ़ रामदेव मेले में उमड़े श्रद्धालु

### दूर दूर से मेले में आते हैं श्रद्धालु, बाबा के जयकारों से गूंजा मंदिर

रिपोर्ट टाइम्स. नवलगढ़। शहर स्थित लोकदेवता बाबा रामदेव के मंदिर में भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी को आस्था उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए और लोकदेवता के सामने अरज कर मनौतियां मांगी। इस दौरान आयोजित मेले में भी हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत की और जमकर खरीददारी भी की।

## मराठा आरक्षण पर बनी बात, मनोज जरांगे ने खत्म किया आंदोलन



पूजा शशांक निर्मल, रिपोर्ट टाइम्स संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को मराठा आरक्षण पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। इस फैसले के बाद मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने अपना आमरण अनशन तोड़ दिया। उन्होंने यह फैसला राज्य सरकार की कैबिनेट उप समिति के प्रस्ताव सामने आने के बाद किया है. इस समिति के प्रमुख राधाकृष्ण विखे पाटिल हैं। उपसमिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण विखे पाटिल, शिवेंद्रराजे भोसले, जयकुमार गोरे और उदय सामंत ने राज्य सरकार की ओर से जारांगे की मांगों के अंतिम मसौदे के साथ उनसे मुलाकात की। मनोज जारंगे की मांग थी कि 'हैदराबाद गजट' को तुरंत लागू किया जाए।उपसमिति ने इसे मंज़ूरी दे दी है। जरांगे की आठ में से छह मांगें सरकार ने मान ली हैं। उनकी मुख्य मांग मराठा समाज को कुनबी जाति में शामिल करने की थी। कुनबी जाति को पहले से ही ओबीसी का दर्जा प्राप्त है। इसके तहत अब मराठाओं को भी रिजर्वेशन मिल सकेगा। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने आंदोलनकारियों से बुधवार सुबह तक आजाद मैदान खाली करने का आदेश दिया था। जरांगे और उनके समर्थक यहीं पर आंदोलन कर रहे थे। आपको बता दें कि मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन 29 अगस्त से जारी था। पिछले 5 दिनों से मुंबई के आजाद मैदान और फोर्ट मरीन ड्राइव इलाके में डेरा डाले मराठा प्रदर्शनकारी अब अदालत के आदेश के बाद धीरे-धीरे इलाका खाली कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगें मान लिए जाने पर मैदान में जश्न मनाया।

**क्या है हैदराबाद गजट :** मराठवाड़ा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा पहले हैदराबाद राज्य का हिस्सा था। सरकार ने जो ऑर्डर जारी किया है, उसके अनुसार पूर्ववर्ती हैदराबाद राज्य की अधिसूचनाएं जिन्हें अलग-अलग समय पर जारी किया गया था और जिनमें मराठा को कुनबी वर्ग के रूप में मान्यता दी गई थी, उन सूचियों को सत्यापन के लिए उपयोग किया जाएगा। अधिसूचनाएं - 1900, 1902, 1918, 1923, 1926, 1928 और 1948 में जारी हुई थीं।

**लंबे समय से आंदोलन कर रहे जरांगे :** मराठा रिजर्वेशन को लेकर मनोज जरांगे लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने 2021 और 2023 में भी आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन किया था। 2021 में उन्होंने 90 दिनों तक सरकार पर दबाव बनाए रखा था। उसके बाद 2023 में भी बड़ा आंदोलन किया था। |

## राष्ट्रीय जाट महासंघ ने चिड़ावा में धूमधाम से तेजा दशमी मनाई



चिड़ावा। राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला संयोजक मनरूप सिंह माठ, जिला सलाहकार डॉ. महेंद्र नेहरा एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शीशराम डांगी के सानिध्य में चिड़ावा चुंगी चौकी के पास तेजा दशमी मनाई। महासंघ के जिला महामंत्री कंवरपाल बलवदा एवं जिला प्रभारी कैप्टन कुलदीप मान ने तेजा दशमी पर मौके पर बताया कि तेजाजी महाराज ने गौ रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे, इसलिए उनके आदर्शों पर हम सबको चलना चाहिए। युवा नेता दिनेश सहारण ने तेजाजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कहीं। इस मौके पर राजेन्द्र गोदारा, विजयपाल सांगवान, मनोज कुमार , सुनील कुमार, संत कुमार पायल, प्रवीण कुमार, हरलाल डांगी, रमेश ढाका, सतबीर मैचू, ब्रह्मानंद रायला, धर्मपाल पूनिया, सुभाष लुणायच, राजकुमार गजराज सहित जाट समाज के अनेक लोग मौजूद थे।


# चिड़ावा में लोकदेवता तेजाजी की शोभायात्रा निकाली

## सर्व समाज के लोग हुए रैली में शामिल, ऊंट, घोड़ी नृत्य ने मोहा मन





कमलकांत पुजारी/ आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स, चिड़ावा। चिड़ावा शहर में मंगलवार को सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। इस मौके पर सर्व समाज की ओर से वीर तेजाजी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर की झुंझुनूं रोड पर चुंगी चौराहा के पास ग्रेटर कृष्णा मैरिज गार्डन में विधिवत पूजन के बाद शुरू हुई। शोभायात्रा में एक रथ में वीर तेजाजी की तस्वीर को विराजित किया गया। वहीं आगे घोड़ों पर युवा किशोर सफेद पगड़ी और कुर्ते पजामे में तेजाजी की पताका लिए सवार होकर चल रहे थे। वहीं इस दौरान ऊंट और घोड़ी के नृत्य ने लोगों को खूब लुभाया। ज्यादातर प्रमुख लोग सफेद पगड़ी धारण किए हुए थे। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु वीर तेजाजी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा शहर की झुंझुनूं रोड, नया बस स्टैंड, स्टेशन रोड, कबूतरखाना बस स्टैंड, पुरानी तहसील रोड होते हुए विवेकानंद चौक पहुंची। यहां पर शोभायात्रा का विसर्जन हुआ।



## बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

### भजनों से भगवान गणपति को रिझाया

शुभम शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर में चल रहे गणपति महोत्सवों में प्रतिदिन के उत्सव जारी है। सोमवार रात्रि को शहर के विवेकानंद चौक में चौक के राजा की कहा आरती हुई। जिसमें महिलाएं घरों से दीपक लेकर भी आई और गणेश जी महाराज की सामूहिक भव्य आरती में शामिल हुईं। वहीं बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी इस दौरान मौजूद रहे।

इधर महा आरती के बाद बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें 70 बच्चों ने एक से बढ़कर एक हिन्दी, राजस्थानी, हरियाणवी, मराठी, पंजाबी लोकगीतों, भजनों आदि पर मनमोहक प्रस्तुति दी। मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं गणेश मित्र मंडल और मराठा मित्र मंडल की ओर से सभी बच्चों को गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया।

इसके बाद देर रात्रि से लेकर अल सुबह तक जागरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें रविकांत पुजारी, महेश शर्मा धन्ना, अजय शर्मा, देवकीनंदन वर्मा, विनोद लक्खा, राजू मराठा आदि ने भजनों की प्रस्तुति दी।



## महाराजा अग्रसेन पर फिल्म निर्माण

रिपोर्ट टाइम्स. मंड्रेला। कस्बा निवासी एवं चैन्नई प्रवासी फिल्म प्रोड्यूसर रामकिशन अग्रवाल 'महाराजा अग्रसेन' के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे है। भारत के इतिहास में समर्पण, समानता और समाजवाद का प्रतीक रहे महान सम्राट महाराजा अग्रसेन के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक फिल्म का नाम 'महाराजा अग्रसेन' ही रखा है। इसकी शूटिंग की तैयारी के लिए स्थानों का अवलोकन किया जा चुका है। बाकी फिल्म की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शूटिंग मंड्रेला सहित जिले की विभिन्न ऐतिहासिक और प्राकृतिक लोकेशनों पर की जाएगी। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के निर्माता रामकिशन अग्रवाल है। एक्टर एंड लाइन प्रोड्यूसर मंड्रेला निवासी राजेश सिंघल ने बताया कि इस फिल्म का निर्देशन बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक सुजीत कुमार करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल रामभरोसा चिड़ावा ने बताया कि बुधवार को पूजन का कार्यक्रम मंड्रेला की पिलानी रोड स्थित श्याम उद्यान में सुबह 10 बजे होगा। मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश दहिया होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि कर्नल हेमसिंह शेखावत, संतोष रामभरोसा चिड़ावा, मंड्रेला नगरपालिका चेयरमैन कुलदीप सिंह शेखावत, फिल्म निर्देशक के. सुजीत कुमार तथा खाटूश्यामजी मंदिर कमेटी से प्रताप सिंह चौहान होंगे।




## पूजा शर्मा को मिला गांधी सेवा रत्न अवॉर्ड

### गर्ल्स पावर महिला मंडल की सह संयोजिका नेहा सैनी,सदस्या मीनाक्षी सैनी और मांजिता राव भी हुई सम्मानित

पवन शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. सूरजगढ़। बजरंग लाल गांधी स्मृति दिवस पर सूरजगढ़ रानी बाग में आदर्श समाज समिति इंडिया द्वारा गांधी सेवा रत्न अवॉर्ड राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। समारोह में राजस्थान यूथ आइकॉन और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ब्रांड एंबेसेडर पूजा शर्मा को संस्थान अध्यक्ष धर्मपाल गांधी ने अवॉर्ड दिया और शर्मा और उनकी टीम द्वारा किए गए सामाजिक कार्य की सराहना की। गर्ल्स पावर महिला मंडल की सहसंयोजक नेहा सैनी, सदस्य मीनाक्षी सैनी और मांजिता राव को भी गांधी रत्न अवॉर्ड 2025 से नवाजा। इस समारोह में देशभर के विभिन्न राज्यों से चुनिंदा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। संस्थान हर वर्ष शिक्षा, साहित्य, सामाजिक सेवा, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करती है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष करेंगे नंदूसिंह की मूर्ति अनावरण



*पूर्व तैयारियों को लेकर राज्य ओ.बी.सी. आयोग के सदस्य पवन मावंडिया ने मूर्ति स्थल का किया दौरा, व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश*

योगेश शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिडावा । शहीद नंदू सिंह शेखावत की मूर्ति अनावरण बुधवार को उनके पैतृक ग्राम स्यालू कलां में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य भरत सिंह शेखावत ने बताया कि मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ एवं अति विशिष्ट अतिथि राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षीनी कुल्हारी करेंगी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सूरजगढ़ के पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, राज्य ओ.बी.सी. आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत, पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढा सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी शहीद को श्रद्धांजलि देने उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों को लेकर राज्य ओ.बी.सी. आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, पूर्व सरपंच नीतिराज सिंह शेखावत ने ग्राम स्यालू कलां में कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्य पूर्व पुलिस उपनिरीक्षक मदन सिंह शेखावत,चतर सिंह शेखावत,छगन सिंह शेखावत,कैप्टन जगदीश सिंह शेखावत सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**क्राइम खबर**

## शिक्षक के अपहरण और फिरौती का आरोपी गिरफ्तार



आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। पुलिस ने एक शिक्षक से अपहरण कर फिरौती वसूलने के मामले में वांछित आरोपी रितिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को झुंझुनू जिला कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया। घटना 7 अगस्त की रात की है। पीड़ित दीपक शर्मा ट्यूशन पढ़ाकर घर लौट रहे थे। खेतड़ी रोड फाटक के पास एक कार में सवार तीन लोगों ने उन्हें जबरन गाड़ी में डाल लिया। आरोपियों ने दीपक के साथ मारपीट की और उनके सिर व मुंह पर कपड़ा बांध दिया। अपहरणकर्ताओं ने दीपक के बैंक खाते से 92,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद उन्होंने दीपक की पत्नी से 8,000 रुपये और मंगवाए। आरोपी बेल्ट, लकड़ी और मुक्कों से दीपक की पिटाई करते रहे। पुलिस की गाड़ी देखकर आरोपी दीपक को सुनसान सड़क पर छोड़कर भाग गए। चिड़ावा सीआई आशाराम गुर्जर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पुलिस को पता चला कि इसी तरह की एक वारदात सूरजगढ़ में भी हुई थी। आरोपी से पूछताछ कर रितिक का पता लगाया गया। आरोपी रितिक (24) मानोता कला निवासी है। पुलिस उससे अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है।